**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1396**
**13 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत उपलब्धियां**

**1396. श्री पी. पी. चौधरीः**
**श्री भोजराज नागः**
**श्री आलोक शर्माः**
**श्री रमेश अवस्थीः**
**डॉ. राजेश मिश्राः**
**श्री पी. सी. मोहनः**
**डॉ. भोला सिंहः**
**श्री राजकुमार चाहरः**
**श्री नव चरण माझीः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) की शुरुआत से लेकर अब तक इसके अंतर्गत, विशेषकर छत्तीसगढ़ में प्राप्त सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त मिशन से देश भर में चयनित शहरों, विशेषकर बेंगलुरु में सड़कों, जलापूर्ति और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे शहरी बुनियादी ढांचे में किस प्रकार सुधार हुआ है और इससे क्या लाभ प्राप्त हुए हैं;

(ग) क्या एससीएम सफलतापूर्वक पूरा हो गया है और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और सरकार की वर्तमान में चयनित शहरों से इतर अन्य स्मार्ट सिटी पहलों का विस्तार करने की क्या योजना है;

(घ) क्या सरकार बेंगलुरु की एमसीएम परियोजनाओं और उनकी पूर्णता की स्थिति के बारे में अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएगी;

(ङ) देश भर में उक्त मिशन के अंतर्गत चयनित अन्य नगरों और शहरों का ब्यौरा क्या है और वहां किस प्रकार का विकास हुआ है;

(च) सरकार छोटे शहरों की चुनौतियों का समाधान करने और सतत विकास, नागरिक सहभागिता और विशेष कर बेंगलुरु में स्मार्ट शहरी प्रबंधन के लिए एआई और आईओटी जैसी

उभरती प्रौद्योगिकियों के एकीकरण सहित विकास के लिए समाधानों का समान वितरण सुनिश्चित करने की योजना किस प्रकार बना रही है;

(छ) क्या सरकार ने मीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के औद्योगिक सिंगरौली नगरपालिका निगम क्षेत्र में प्रदूषण हटाने की कोई योजना तैयार की है; और

(ज) क्या सिंगरौली नगरपालिका निगम क्षेत्र को एससीएम के अंतर्गत चयनित और विकसित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (ड.): स्मार्ट सिटीज मिशन 25 जून, 2015 को शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य कोर इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराकर ऐसे शहरों को बढ़ावा देना तथा 'स्मार्ट' समाधानों के माध्यम से अपने नागरिकों को बेहतर गुणवत्ता वाला जीवन प्रदान करना है। शहरी स्तर पर एससीएम का क्रियान्वयन एक विशेष प्रयोजन तंत्र (एसपीवी) द्वारा किया गया है। मिशन ने 100 शहरों में रेट्रोफिटिंग, पुनर्विकास और ग्रीनफील्ड विकास के माध्यम से क्षेत्र-आधारित विकास दृष्टिकोण को अपनाया है। इस दृष्टिकोण में केन्द्रीय और राज्य सरकार की अन्य योजनाओं आदि के साथ कन्वर्जेन्स, सार्वजनिक निजी भागीदारी जैसे कई वित्तपोषण स्रोतों द्वारा चयनित क्षेत्र में अन्य परियोजनाओं को शामिल किया गया है।

इस मिशन के तहत, 100 शहरों में 1,64,368 करोड़ रु. की कुल 8,058 परियोजनाएं शुरू की गई हैं। 20.01.2025 तक, 100 स्मार्ट सिटीज द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 1,50,017 करोड़ रु. की लागत वाली 7,480 परियोजनाएं (अर्थात कुल परियोजनाओं का 93%) पूरी हो चुकी हैं।

एससीएम के विभिन्न कोर इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के अंतर्गत प्राप्त महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है। एससीएम के अंतर्गत, छत्तीसगढ़ राज्य से 3 शहरों अर्थात अटल नगर, बिलासपुर और रायपुर का चयन किया गया है। छत्तीसगढ़ और बेंगलुरु राज्य सहित चयनित कस्बों और शहरों का राज्यवार विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

एससीएम के तहत 100 शहरों के लिए केंद्र सरकार का कुल परिव्यय 48,000 करोड़ रु. है। 20.01.2025 तक, शहरों द्वारा, उपयोग की गई निधि के आधार पर उनके द्वारा 47,425 करोड़ रु. (अर्थात् कुल केंद्रीय हिस्से के आवंटन का 98.8%) की केंद्रीय वित्तीय सहायता का दावा किया गया है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने 45,506 करोड़ रु. (अर्थात् जारी किए गए कुल केंद्रीय हिस्से का 96%) के उपयोग की सूचना दी है। वर्तमान में, अतिरिक्त शहरों को शामिल

करके मौजूदा एससीएम का विस्तार करने हेतु केंद्र सरकार के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(च): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय नियमित रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंस, समीक्षा बैठकों, क्षेत्रीय दौरों, विभिन्न स्तरों पर क्षेत्रीय कार्यशालाओं के माध्यम से राज्यों/स्मार्ट सिटीज के साथ संपर्क करता है, ताकि 5 लाख से कम शहरी आबादी वाले 45 शहरों (जनगणना 2011 के अनुसार) सहित 100 स्मार्ट शहरों/शहरी स्थानीय निकायों के कार्यनिष्पादन में तेजी लाई जा सके और जहां भी आवश्यक हो, उन्हें सुधार के लिए सहायता प्रदान की जा सके।

एससीएम के तहत परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के लिए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की एक बहु-स्तरीय समीक्षा संरचना है। राष्ट्रीय स्तर पर, कार्यान्वयन की निगरानी आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता वाली एक शीर्ष समिति द्वारा की जाती है। राज्य स्तर पर, मिशन कार्यान्वयन की निगरानी मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति (एचपीएससी) द्वारा की जाती है। शहरी स्तर पर, सभी 100 स्मार्ट शहरों के लिए स्मार्ट सिटी सलाहकार मंच (एससीएएफ) की स्थापना का प्रावधान है ताकि विभिन्न हितधारकों के बीच सलाह और सहयोग संभव हो सके।

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने राज्यों और परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों को परामर्श प्रक्रिया के महत्व को दोहराते हुए विभिन्न परामर्श जारी किए हैं, विशेष रूप से जन प्रतिनिधियों की भागीदारी का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। विशेष प्रयोजन तंत्र के बोर्ड में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के नामित निदेशक नियमित आधार पर संबंधित शहरों में प्रगति की निगरानी करते हैं।

(छ) और (ज): सीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सिंगरौली शहर एससीएम के तहत चयन के लिए राज्य द्वारा अनुशंसित शहरों की सूची में नहीं था ।

*****

**अनुलग्नक-।**

**स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत उपलब्धियों के संबंध में दिनांक 13.02.2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1396 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

**एससीएम के विभिन्न कॉर इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के अंतर्गत हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियां**

(करोड़ रुपए में)

| क्र. सं. | एससीएम के क्षेत्र | एससीएम में शुरू की गई परियोजनाओं की प्रकृति | परियोजनाओं की कुल संख्या | पूर्ण की गई परियोजनाओं की संख्या | परियोजनाओं की लागत | पूर्णता % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) | जल आपूर्ति की निगरानी, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, सार्वजनिक सुरक्षा | 100 | 100 | 11,775 | 100 |
| 2 | स्मार्ट मोबिलिटी | स्मार्ट सड़क, गैर-मोटर चालित परिवहन, पैदल यात्री और सार्वजनिक परिवहन परियोजनाओं का विकास | 1741 | 1579 | 37,304 | 91 |
| 3 | स्मार्ट ऊर्जा | एलईडी/सौर, स्ट्रीट लाइट, सौर ऊर्जा स्थापना और गैस पाइपलाइनों का विकास | 694 | 675 | 13,857 | 97 |
| 4 | जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य (वाश) | जल आपूर्ति, सीवरेज, जल निकासी और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाएं | 1546 | 1439 | 46,728 | 93 |
| 5 | जीवंत सार्वजनिक स्थान | खुले स्थानों, बाजारों और जलाशयों का पुनरुद्धार | 1409 | 1311 | 10,340 | 93 |
| 6 | आर्थिक इन्फ्रास्ट्रक्चर | नगर निगम के राजस्व में वृद्धि, बाजार पुनर्विकास जैसी परियोजनाएं | 931 | 838 | 11,074 | 90 |
| 7 | सामाजिक इन्फ्रास्ट्रक्चर | स्मार्ट कक्षाओं, डिजिटल पुस्तकालयों और स्मार्ट स्वास्थ्य केंद्रों का विकास | 898 | 848 | 12,073 | 94 |
| 8 | स्मार्ट सरकार | नगर प्रशासन में सुधार लाने के उद्देश्य से सूचना संचार प्रौद्योगिकी आधारित परियोजनाओं का विकास | 685 | 643 | 16,256 | 94 |

*****

अनुलग्नक- II

**स्मार्ट सिटीज मिशन के अंतर्गत उपलब्धियों के संबंध में दिनांक 13.02.2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1396 के भाग (क) से (ङ.) का उत्तर।**

**पूर्ण हो चुकी और चल रही परियोजनाओं का राज्य/शहरवार ब्यौरा**

(राशि करोड़ रुपये में)

| राज्य/शहर | कुल परियोजनाएं | | पूर्ण परियोजनाएं | | चल रही परियोजनाएं | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | परियोजनाएं | राशि | परियोजनाएं | राशि | परियोजनाएं | राशि |
| **अंडमान निकोबार द्वीप समूह** | **18** | **511.33** | **7** | **39.65** | **11** | **471.68** |
| पोर्ट ब्लेयर | 18 | 511.33 | 7 | 39.65 | 11 | 471.68 |
| **आंध्र प्रदेश** | **280** | **6,589.01** | **235** | **5,661.40** | **45** | **927.61** |
| अमरावती | 19 | 902.94 | 14 | 746.00 | 5 | 156.94 |
| काकीनाडा | 92 | 1,908.09 | 80 | 1,731.17 | 12 | 176.92 |
| तिरुपति | 104 | 2,082.75 | 79 | 1,610.65 | 25 | 472.10 |
| विशाखापत्तनम | 65 | 1,695.23 | 62 | 1,573.58 | 3 | 121.65 |
| **अरुणाचल प्रदेश** | **75** | **1,032.11** | **53** | **582.86** | **22** | **449.25** |
| ईटानगर | 32 | 520.61 | 20 | 346.12 | 12 | 174.49 |
| पासिंग | 43 | 511.50 | 33 | 236.74 | 10 | 274.76 |
| **असम** | **21** | **754.65** | **19** | **722.42** | **2** | **32.23** |
| गुवाहाटी | 21 | 754.65 | 19 | 722.42 | 2 | 32.23 |
| **बिहार** | **151** | **5,219.09** | **124** | **4,163.25** | **27** | **1,055.84** |
| भागलपुर | 27 | 1,504.14 | 25 | 1,394.96 | 2 | 109.18 |
| बिहार शरीफ | 61 | 1,449.15 | 50 | 1,095.64 | 11 | 353.51 |
| मुजफ्फरपुर | 29 | 836.05 | 22 | 626.16 | 7 | 209.89 |
| पटना | 34 | 1,429.75 | 27 | 1,046.49 | 7 | 383.26 |
| **चंडीगढ़** | **97** | **2,694.25** | **96** | **2,692.43** | **1** | **1.82** |
| चंडीगढ़ | 97 | 2,694.25 | 96 | 2,692.43 | 1 | 1.82 |
| **छत्तीसगढ** | **520** | **4,443.43** | **493** | **4,004.36** | **27** | **439.07** |
| अटल नगर | 52 | 944.03 | 45 | 855.52 | 7 | 88.51 |
| बिलासपुर | 126 | 1,765.46 | 115 | 1,529.00 | 11 | 236.46 |
| रायपुर | 342 | 1,733.94 | 333 | 1,619.84 | 9 | 114.10 |
| **दादरा और नगर हवेली** | **29** | **853.06** | **11** | **405.50** | **18** | **447.56** |
| सिल्वासा | 29 | 853.06 | 11 | 405.50 | 18 | 447.56 |
| दमन और दीव | 54 | 1,037.43 | 43 | 705.67 | 11 | 331.76 |
| दीव | 54 | 1,037.43 | 43 | 705.67 | 11 | 331.76 |
| दिल्ली | 129 | 1,033.89 | 120 | 873.73 | 9 | 160.16 |
| एनडीएमसी | 129 | 1,033.89 | 120 | 873.73 | 9 | 160.16 |
| गोवा | 51 | 1,051.01 | 41 | 842.32 | 10 | 208.69 |
| पणजी | 51 | 1,051.01 | 41 | 842.32 | 10 | 208.69 |

| राज्य/शहर | कुल परियोजनाएं | | पूर्ण परियोजनाएं | | चल रही परियोजनाएं | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | परियोजनाएं | राशि | परियोजनाएं | राशि | परियोजनाएं | राशि |
| **गुजरात** | **354** | **11,451.36** | **341** | **10,925.15** | **13** | **526.21** |
| अहमदाबाद | 70 | 2,655.39 | 69 | 2,626.40 | 1 | 28.99 |
| दाहोद | 36 | 984.46 | 28 | 730.82 | 8 | 253.64 |
| गांधीनगर | 43 | 1,045.99 | 41 | 835.99 | 2 | 210.00 |
| राजकोट | 71 | 2,183.73 | 70 | 2,179.23 | 1 | 4.50 |
| सूरत | 82 | 2,638.38 | 82 | 2,638.38 | - | - |
| वडोदरा | 52 | 1,943.41 | 51 | 1,914.33 | 1 | 29.08 |
| **हरियाणा** | **164** | **2,078.59** | **141** | **1,700.08** | **23** | **378.51** |
| फरीदाबाद | 44 | 928.96 | 33 | 752.73 | 11 | 176.23 |
| करनाल | 120 | 1,149.63 | 108 | 947.35 | 12 | 202.28 |
| **हिमाचल प्रदेश** | **290** | **1,545.56** | **263** | **1,197.53** | **27** | **348.03** |
| धर्मशाला | 79 | 649.64 | 55 | 357.18 | 24 | 292.46 |
| शिमला | 211 | 895.92 | 208 | 840.35 | 3 | 55.57 |
| **जम्मू और कश्मीर** | **288** | **6,596.51** | **265** | **6,166.34** | **23** | **430.17** |
| जम्मू | 127 | 2,969.07 | 118 | 2,779.28 | 9 | 189.79 |
| श्रीनगर | 161 | 3,627.44 | 147 | 3,387.06 | 14 | 240.38 |
| **झारखंड** | **26** | **1,847.23** | **26** | **1,847.23** | **-** | **-** |
| रांची | 26 | 1,847.23 | 26 | 1,847.23 | - | - |
| **कर्नाटक** | **917** | **13,808.22** | **891** | **13,397.04** | **26** | **411.18** |
| बेलगावी | 217 | 2,779.52 | 211 | 2,716.46 | 6 | 63.06 |
| बेंगलुरु | 57 | 1,050.00 | 56 | 1,031.24 | 1 | 18.76 |
| दावनगेरे | 128 | 1,976.27 | 125 | 1,932.81 | 3 | 43.46 |
| हुबली, धारवाड़ | 81 | 1,949.61 | 78 | 1,816.62 | 3 | 132.99 |
| मंगलुरु | 105 | 2,573.14 | 93 | 2,428.81 | 12 | 144.33 |
| शिवमोगा | 112 | 1,381.00 | 111 | 1,372.42 | 1 | 8.58 |
| तुमकुरु | 217 | 2,098.68 | 217 | 2,098.68 | - | - |
| **केरल** | **177** | **3,003.20** | **153** | **2,571.10** | **24** | **432.10** |
| कोच्ची | 98 | 1,760.73 | 87 | 1,567.14 | 11 | 193.59 |
| तिरुवनंतपुरम | 79 | 1,242.47 | 66 | 1,003.96 | 13 | 238.51 |
| **लक्षद्वीप** | **8** | **11.21** | **8** | **11.21** | **-** | **-** |
| कावारती | 8 | 11.21 | 8 | 11.21 | - | - |
| **मध्य प्रदेश** | **788** | **15,070.23** | **759** | **14,420.13** | **29** | **650.10** |
| भोपाल | 82 | 2,790.60 | 82 | 2,790.60 | - | - |
| ग्वालियर | 83 | 1,572.00 | 77 | 1,377.73 | 6 | 194.27 |
| इंदौर | 232 | 3,758.73 | 231 | 3,751.32 | 1 | 7.41 |
| जबलपुर | 130 | 2,196.50 | 130 | 2,196.50 | - | - |
| सागर | 80 | 1,782.22 | 77 | 1,658.73 | 3 | 123.49 |
| सतना | 86 | 1,357.33 | 71 | 1,098.20 | 15 | 259.13 |
| उज्जैन | 95 | 1,612.85 | 91 | 1,547.05 | 4 | 65.80 |

| राज्य/शहर | कुल परियोजनाएं | | पूर्ण परियोजनाएं | | चल रही परियोजनाएं | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | परियोजनाएं | राशि | परियोजनाएं | राशि | परियोजनाएं | राशि |
| **महाराष्ट्र** | **348** | **17,044.29** | **324** | **15,145.86** | **24** | **1,898.43** |
| औरंगाबाद | 47 | 2,835.40 | 44 | 2,622.66 | 3 | 212.74 |
| कल्याण-डोम्बीवली | 19 | 1,244.58 | 15 | 715.86 | 4 | 528.72 |
| नागपुर | 47 | 1,767.71 | 38 | 1,507.90 | 9 | 259.81 |
| नासिक | 54 | 3,197.18 | 50 | 2,986.04 | 4 | 211.14 |
| पिंपरी-चिंचवड | 25 | 1,303.61 | 24 | 1,171.61 | 1 | 132.00 |
| पुणे | 55 | 3,333.07 | 55 | 3,333.07 | - | - |
| सोलापुर | 49 | 1,650.56 | 48 | 1,406.56 | 1 | 244.00 |
| ठाणे | 52 | 1,712.18 | 50 | 1,402.16 | 2 | 310.02 |
| **मणिपुर** | **27** | **513.02** | **19** | **247.28** | **8** | **265.74** |
| इम्फाल | 27 | 513.02 | 19 | 247.28 | 8 | 265.74 |
| **मेघालय** | **13** | **517.41** | **10** | **453.41** | **3** | **64.00** |
| शिलांग | 13 | 517.41 | 10 | 453.41 | 3 | 64.00 |
| **मिजोरम** | **45** | **508.00** | **32** | **277.64** | **13** | **230.36** |
| आइजोल | 45 | 508.00 | 32 | 277.64 | 13 | 230.36 |
| **नागालैंड** | **40** | **689.30** | **38** | **590.92** | **2** | **98.38** |
| कोहिमा | 40 | 689.30 | 38 | 590.92 | 2 | 98.38 |
| **ओडिशा** | **107** | **3,589.05** | **104** | **3,426.64** | **3** | **162.41** |
| भुवनेश्वर | 32 | 2,071.59 | 31 | 2,056.59 | 1 | 15.00 |
| राउरकेला | 75 | 1,517.46 | 73 | 1,370.05 | 2 | 147.41 |
| **पुदुचेरी** | **80** | **595.22** | **67** | **312.03** | **13** | **283.19** |
| पुदुचेरी | 80 | 595.22 | 67 | 312.03 | 13 | 283.19 |
| **पंजाब** | **204** | **4,449.54** | **178** | **3,968.16** | **26** | **481.38** |
| अमृतसर | 44 | 1,911.06 | 39 | 1,759.21 | 5 | 151.85 |
| जालंधर | 80 | 1,196.50 | 71 | 974.88 | 9 | 221.62 |
| लुधियाना | 80 | 1,341.98 | 68 | 1,234.07 | 12 | 107.91 |
| **राजस्थान** | **579** | **8,639.95** | **565** | **8,355.19** | **14** | **284.76** |
| अजमेर | 179 | 2,223.58 | 174 | 2,165.73 | 5 | 57.85 |
| जयपुर | 170 | 2,545.38 | 165 | 2,368.83 | 5 | 176.55 |
| कोटा | 87 | 2,153.81 | 83 | 2,103.45 | 4 | 50.36 |
| उदयपुर | 143 | 1,717.18 | 143 | 1,717.18 | - | - |
| **सिक्किम** | **54** | **1,660.12** | **45** | **1,415.22** | **9** | **244.90** |
| गंगटोक | 28 | 742.88 | 23 | 652.14 | 5 | 90.74 |
| नामची | 26 | 917.24 | 22 | 763.08 | 4 | 154.16 |
| **तेलंगाना** | **169** | **2,917.65** | **104** | **2,241.14** | **65** | **676.51** |
| ग्रेटर वारंगल | 119 | 1,800.38 | 68 | 1,356.76 | 51 | 443.62 |
| करीमनगर | 50 | 1,117.27 | 36 | 884.38 | 14 | 232.89 |

| राज्य/शहर | कुल परियोजनाएं | | पूर्ण परियोजनाएं | | चालू परियोजनाएं | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | परियोजनाएं | मात्रा | परियोजनाएं | मात्रा | परियोजनाएं | मात्रा |
| **तमिलनाडु** | **730** | **17,953.58** | **717** | **17,626.02** | **13** | **327.56** |
| चेन्नई | 49 | 1,104.19 | 48 | 1,096.88 | 1 | 7.31 |
| कोयंबटूर | 72 | 1,454.82 | 72 | 1,454.82 | - | - |
| इरोड | 55 | 1,304.12 | 55 | 1,304.12 | - | - |
| मदुरै | 16 | 1,899.66 | 16 | 1,899.66 | - | - |
| सलेम | 114 | 1,860.64 | 114 | 1,860.64 | - | - |
| तंजावुर | 103 | 996.45 | 101 | 973.91 | 2 | 22.54 |
| थूथुकुड़ी | 75 | 1,038.48 | 75 | 1,038.48 | - | - |
| तिरुचिरापल्ली | 83 | 1,547.68 | 79 | 1,314.89 | 4 | 232.79 |
| तिरुनेलवेली | 82 | 1,819.00 | 80 | 1,805.84 | 2 | 13.16 |
| तिरुपूर | 28 | 2,832.71 | 26 | 2,795.55 | 2 | 37.16 |
| वेल्लोर | 53 | 2,095.83 | 51 | 2,081.23 | 2 | 14.60 |
| **त्रिपुरा** | **77** | **807.54** | **74** | **761.43** | **3** | **46.11** |
| अगरतला | 77 | 807.54 | 74 | 761.43 | 3 | 46.11 |
| **उत्तर प्रदेश** | **889** | **21,103.94** | **863** | **20,370.73** | **26** | **733.21** |
| आगरा | 62 | 2,368.80 | 62 | 2,368.80 | - | - |
| अलीगढ़ | 52 | 1,829.98 | 47 | 1,600.00 | 5 | 229.98 |
| बरेली | 88 | 1,475.70 | 88 | 1,475.70 | - | - |
| झांसी | 78 | 1,867.74 | 78 | 1,867.74 | - | - |
| कानपुर | 91 | 3,060.19 | 89 | 3,000.06 | 2 | 60.13 |
| लखनऊ | 103 | 2,126.41 | 102 | 2,115.41 | 1 | 11.00 |
| मुरादाबाद | 41 | 1,460.67 | 39 | 1,425.21 | 2 | 35.46 |
| प्रयागराज | 140 | 2,294.83 | 138 | 2,230.69 | 2 | 64.14 |
| सहारनपुर | 117 | 1,277.75 | 104 | 952.01 | 13 | 325.74 |
| वाराणसी | 117 | 3,341.87 | 116 | 3,335.11 | 1 | 6.76 |
| **उत्तराखंड** | **33** | **1,143.60** | **31** | **908.84** | **2** | **234.76** |
| देहरादून | 33 | 1,143.60 | 31 | 908.84 | 2 | 234.76 |
| **पश्चिम बंगाल** | **226** | **1,604.22** | **220** | **986.71** | **6** | **617.51** |
| न्यू टाउन कोलकाता | 226 | 1,604.22 | 220 | 986.71 | 6 | 617.51 |
| **कुल** | **8,058** | **1,64,367.80** | **7,480** | **1,50,016.62** | **578** | **14,351.18** |

20 जनवरी 2025 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/स्मार्ट सिटी मिशन द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार।

*****